थाम ले दामन सांवरिये का

थाम ले दामन सांवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा,
दिल के तार तू जोड़ श्याम से,
जीवन सफल बनाएगा,
थाम ले दामन सांवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा।

जिन अपनों को.... अपना समझो,
वो ही तुझे सताएगा,
जब आ जाए विपदा..... तुझ पर,
कोई काम ना आएगा,
जोड़ ले नाता, सांवरिये से,
ये अपना बन जाएगा,
थाम ले दामन सांवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा।

ये दुनियां है.... रैन बसेरा,
जो आएगा जाएगा,
मिट्टी का पुतला तू बंदे,
मिट्टी में मिल जाएगा,
नाम उसी का..... अमर रहेगा,
जो श्याम नाम गुण गाएगा,
थाम ले दामन सांवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा।

जो होना है.... होके रहेगा,
कोई बदल नहीं पाएगा
सांवरिया जब साथ हो...तेरे तो,
काल भी पीठ दिखाएगा,
कर दे खुद को... श्याम समर्पित,
श्याम कृपा बरसायेगा,
थाम ले दामन सांवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा।

श्याम नाम का.... अमृत प्यारे,
जो प्राणी चख लेता है
उस प्राणी के आगे,
जीवन का सारा सुख फीका है,
यकीन नहीं तो.... चखकर देखो,
जीवन स्वर्ग हो जाएगा,
थाम ले दामन सांवरिये का,
ये तेरा साथ निभाएगा॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23851/title/thaam-le-daaman-sanwariye-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |